# बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 30.05.2026 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यो की समीक्षा हेतु बैठक गॉधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय, कन्नौज में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. **मुख्य विकास अधिकारी, कन्नौज।**
2. **जिला विकास अधिकारी, कन्नौज।**
3. **अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।**
4. **प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।**
5. **प्रतिनिधि वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।**
6. **प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।**
7. **प्रतिनिधि टी0पी0आई0,कन्नौज।**

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत् निर्देश दिए गये।

**1–भारत सरकार/दर्पण पोर्टल पर रैकिंगः**–समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 268288 है, जो 97.73 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 36वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 490 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 71.12 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 06टवें स्थान पर है। अधिशाषी अभियन्ता,जल निगम कन्नौज को जनपद की एफ0एच0टी0सी0 प्रगति बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये। हर घर कनेक्शन दर्पण पोर्टल की समीक्षा का बिन्दु है, इसलिए इसे शत प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया गया।

**1–वी0एस0ए0 इन्फ्राः**

वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गॉव एवं 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष सभी 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1379 किमी0 पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 06 किमी0 पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ0एच0टी0सी0 83264 के सापेक्ष 76831 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गॉव के सापेक्ष मात्र 47 ग्राम सर्टिफाइड हुए हैं। अभी भी 118 के सापेक्ष 59 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण होना शेष है। ओ0एच0टी0 निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी0एस0ए0 इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी, जिसके लिए उनको कार्यों में सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया।

मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा अगले सप्ताह तक ओ0एच0टी0 01 एवं सर्टिफिकेशन 02 ग्रामों में कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। इनकी प्रगति अत्यन्त दयनीय होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

**2–जी0वी0पी0आर0:–**

जी0वी0पी0आर0 की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गॉव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष सभी 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी0 पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाईप लाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ0एच0टी0सी0 114482 के सापेक्ष 114057 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गॉव के सापेक्ष 295 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं। अभी 181 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण है। कोई भी ओ0एच0टी0 शेष नहीं है।

गत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा एक ग्राम सर्टिफिफाइड कराया गया है। फर्म द्वारा अगले सप्ताह तक 03 ग्रामों का सर्टिफिकेशन कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

अन्य निर्देशः—

1. अधिशासी अभियन्ता जल निगम कन्नौज को अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त मार्गो का पुनरूद्वार प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश दिए गये।
2. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओ के छूटे हुये गृह नल संयोजन कराये जाने हेतु फर्मो को निर्देशित किया गया है।
3. नल जल मित्र का चयन 637 के सापेक्ष 110 है। जिस हेतु समस्त विकास खण्डों में नल जल मित्र का चयन लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
4. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पूर्ण करायी गयी योजनाओं को जल अर्पण कार्यक्रम के अन्तर्गत हैण्ड ओवर कराये जाने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।
5. दिनांक 20.05.2026 को मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराये जा रहे कार्यो के स्थलीय जॉच के निर्देश दिये गये थे, जिसके उपरान्त फर्म द्वारा निर्माणाधीन साईटों पर श्रमिकों की संख्या कम होने के कारण कार्यो में प्रगति धीमी पायी गयी। जिस कारण फर्म को अनुबंध की धाराओं के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही (ब्लेक लिस्ट) हेतु निर्देश दिये गये हैं।

(वी0पी0सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल
निगम (ग्रामीण)
कन्नौज।

**अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)कन्नौज।**

पत्रॉक 1233 / M-7 / 58 दिनॉक 02/06/26

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी,महोदय कन्नौज।
5. जिला विकास अधिकारी, कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,जनपद कन्नौज।
8. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
9. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता,

Scanned with OKEN Scanner